## सब इंजीनियर के खिलाफ गजरथ नगर कॉलोनी के रहवासी लामबंद

# कटीली झाड़ियां लगाकर किया कब्जा, बच्चे गिरकर हो रहे घायल

## नगर निगम और सीएम हैल्पलाइन में की कई बार शिकायत, आज तक नहीं हुई कार्रवाई

**जबलपुर,यशभारत।** भूकंप कॉलोनी से मेडिकल जाने वाली सड़क के पास नवनिवेश फेस-2 गजरथ नगर कॉलोनी के बड़ी संख्या में रहवासी बीएसएनएल के सब इंजीनियर सीडी झारिया के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। स्थानीय लोगों की माने तो सरकारी पद के रौब के चलते सब इंजीनियर ने पिछले कई सालों से करीब 15 फीट सड़क पर कब्जा करके अवैध निर्माण कर दिया है, अब सिर्फ 5 फीट सड़क चलने के लिए बची है जिससे रहवासियों को खासी परेशानी हो रही है। क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार सब इंजीनियर ने अतिक्रमण कर कटीली झाड़ियां लगा रखीं हैं जिसमें फंसकर बच्चे घायल हो रहे हैं।





मामले की शिकायत सीएम हैल्पलाइन, नगर निगम से कई बार की जा चुकी है लेकिन अंजाम आज तक यह अतिक्रमण नहीं हटा है। गजरथ नगर, भूकंप कॉलोनी के एसी तिवारी, राजू तिवारी, पप्पू विश्वकर्मा, पूजा तिवारी सहित अन्य लोगों ने यशभारत को बताया कि शासन ने करीब 20 फीट जगह आवागमन के लिए छोड़ रखी थी जहां 15 फीट पर सीडी झारिया ने कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है। इसके साथ ही इन्होनें बताया कि सीडी झारिया द्वारा घर का गंदा पानी सड़क पर बहाया जा रहा है जिससे कई बीमारियां फैल रहीं हैं।

जानकारी के अनुसार मामले की शिकायत क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा विगत 31 अगस्त 2021 से लगातार समय समय पर नगर निगम में की जा रही है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे परेशान होकर क्षेत्रीय रहवासियों ने अब नगर निगम आयुक्त स्विप्निल वानखेड़े को शिकायत पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

"मौके का निरीक्षण करवाया जाएगा, अगर अवैध कब्जा पाया गया तो तत्काल अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही की जाएगी।
—सागर बोरकर,सहायक आयुक्त अतिक्रमण शाखा।



"पिछले 5 सालों से सीडी झारिया ने 20 फीट की सड़क पर 15 फीट पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया है। मामले की शिकायत नगर निगम, सीएम हैल्पलाइन और महापौर से कई बार की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।
—राजेश नाग, स्थानीय रहवासी।



"सड़क पर कब्जा करके झारिया जी के द्वारा कटीली झाड़ियां लगा दीं गई हैं जिससे हमारे बच्चे स्कूल, कोचिंग जाते समय उसमें फंसकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं। प्रशासन से मांग है कि इस अवैध अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाएं।
—पूजा तिवारी, स्थानीय रहवासी।



"अवैध अतिक्रमण जल्द से जल्द हटना चाहिए। लाल बिल्डिंग से भूकंप कॉलोनी तक ये सड़क जाती है जो कि करीब 2 किलोमीटर लंबी है। यह सड़क भूकंप कॉलोनी से मेडिकल के लिए भी निकलती है। अतिक्रमण से हम लोगों के साथ राहगीरों को बहुत परेशानी हो रही है।
—पप्पू विश्वकर्मा, स्थानीय रहवासी।

## » न्यूज गैलरी

### धर्मेंद्र बने अनुसूचित जाति के ब्लॉक अध्यक्ष



**जबलपुर,यशभारत।** धर्मेंद्र चौधरी को कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जबलपुर का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, मप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहरवार के निर्देश के बाद विधायक तरूण भनोत की अनुशंसा पर उक्त नियुक्ति की गई है। उक्त जानकारी कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नगर अध्यक्ष रवि सैलानी ने देते हुए बधाईयां प्रेषित कीं हैं।

### श्रीराम कथा और शिवलिंग निर्माण का आयोजन आज से शुरू

**जबलपुर,यशभारत।** श्रीराम कथा एवं सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन 24 जुलाई से 31 जुलाई तक कटरा वाले महावीर स्वामी मंदिर छोटा फुहारा में किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजक पं ओंकार चौबे ने बताया कि शिवलिंग निर्माण का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। कलशयात्रा सोमवार दोपहर 3 बजे कथा स्थल से निकलेगी। श्रीराम कथा में कथा व्यास पं मोहन महाराज और श्री कपिश्वर पीठाधीश्वीर पूज्य पाद सदस्य संत मुकेश महाराज उपस्थित रहेंगे।

### UCC के समर्थन एवं PCB की मांग को लेकर हज़ारों मशालें जलीं

**जबलपुर, यशभारत।** हिन्दू सेवा परिषद् के तत्वाधान में अधारताल में मशाल यात्रा निकाली गई। यह मशाल यात्रा अधारताल स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने के पश्चात निकाली गई जो कि रद्दी चौक तक जाकर पुनः मुख्य मार्ग तय करते हुए मंदिर प्रांगण में ही संपन्न होनी थी परंतु पुलिस प्रशासन के द्वारा यात्रा को धनी की कुटिया मोड़ पर ही रोक दिया गया और जबरदस्ती धक्का-मुक्की करते हुए वापस यात्रा को मंदिर तरफ ले जाने के लिए मजबूर किया। यात्रा की अनुमति एसडीएम महोदय से प्राप्त होने के बावजूद पुलिस प्रशासन का रवैया इस प्रकार रहा जैसे यूसीसी कानून के समर्थन में प्रशासन नहीं है। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने कहा कि पुलिस प्रशासन का यात्रा को रोक के रास्ता बदलना लोकतंत्र विरुद्ध है तथा प्रतीत होता है कि यूसीसी कानून के विरुद्ध है। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि भारत देश में समान नागरिक संहिता कानून का समर्थन करने तथा भारत देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून को लागू कराने यह मशाल यात्रा निकाली गई जिससे भारत देश को समृद्धि एवं शांतिप्रिय बना सकें। इन कानूनों की आवश्यकता है इसलिए हिन्दू सेवा परिषद् मशाल यात्रा के माध्यम से समर्थन एवं मांग को बुलंद किया। मशाल यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, गौरव साहू, दीपक विश्वकर्मा,राजा रजक, रवि कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, राहुल धुर्वे, बादल कोल, उमेश रजक, निखिल कनौजिया, धीरज ज्ञानचंदानी ,अभिषेक अहिरवार, मनोज रजक , विनय राजपूत, गणेश कोल एवं अन्य शामिल थे।



## थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की मदद के लिए एकत्रित किया गया 64 यूनिट ब्लड

**इंडियन क्रॉस सोसायटी और श्री गुजराती मंडल का संयुक्त आयोजन**

**जबलपुर,यशभारत।** थैलेसीमिया एवं सिकलसेल जैसे बीमारी से ग्रसित बच्चों की सहायता करने के उद्देश्य से इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी जबलपुर और श्री गुजराती मंडल द्वारा श्री गुजराती मंडल मढ़ाताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला अस्पताल ब्लड बैंक द्वारा 64 इकाई रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष दीक्षित , कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राजेश धीरावाणी एवं सचिव दिनेश वीरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई फिर श्री गुजराती मंडल के सदस्यों एवं शहर के अन्य रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## गढ़ा में जलसा संपन्न

**जबलपुर यशभारत।** गतरात्रि गढ़ा मुजावर मुहल्ला कादरी नगर मे डॉ. सैय्यद मक़बूल अली कादरी के इमामबाड़े मे सवारी के 161 वर्ष पूर्ण होने पर जल्से का एहतेमाम किया गया। अल्हाज सैय्यद इकबाल अहमद कादरी शम्स रब्बानी व मौलवी रियाज़ आलम की सरपरस्ती मे आयोजित जल्से मे शहर वरिष्ठ शायर शेख निज़ामी, मुख्तार नादिर, यूनुस अदिब, इकबाल रियाज़ी, नियाज़ वारसी, वासित कादरी ने एक से बढ़कर कलाम पेश कर समाईन को मुतमईन किया। मौलवी रियाज़ आलम ने अपनी तक़रीर मे कहा इमाम हुसैन की शहादत इस्लाम पर अहसान है लिहाजा हमे इमाम आली मुकाम का उर्स अक़ीदत और मोहब्बत का इजहार करते हुए मनाना चाहिए। हाजी मक़बूल रजवी ने बताया कि इस्लाम मे शहादत का ऊँचा मकाम है, हमे इमाम आली मुकाम के बताये नक्शेकदम पर चलना चाहिए। जल्से की आखिर मे सलातो सलाम पेश किया गया और मुल्क की तरक़्क़ी के लिए दुआएं मांगी गई। अंत मे मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, मुबारक कादरी ने जल्से मे आए मेहमान हज़रात का इस्तकबाल कर शुक्रिया अदा किया।

**सरदार अली कादरी को याद किया गया**-सरदार अली कादरी द्वारा स्थापित जल्से मे अल्हाज शम्स रब्बानी ने कहा कि कादरी साहब हम लोगों के बीच मे मोहब्बत की पहचान थे उन्होंने हर शक्स की जहाँ जरूरत पड़ी मदद की, मौलवी रियाज़ आलम ने कहा कि कादरी साहब ने जो कौम की खिदमत की है बो काबिले तारीफ है।

## कचहरी दरगाह में टिपारियां आज रात्रि में देंगी हाजरी

**जबलपुर यशभारत।** शहादत के पर्व मुहर्रम की सोमवार को पाँच तारीख है। इस मौके रात्रि 9 बजे से फूलों से सजी हुई टिपारियां निकलेंगी। प्रमुख मार्गो पर गश्त करते हुए टिपारियो के जुलूस हाई कोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी वाले बाबा की दरगाह मे हाजरी देने पहुचेंगे। सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी, खादिमे आला चंगेज खान अशरफी की जानिब से बाबाओं का इस्तकबाल किया जाएगा। उपनगरीय क्षेत्र-मुहर्रम की पांच तारीख को गढ़ा मुजावर मुहल्ले मे डॉ. सैय्यद मक़बूल अली की टिपारी इमामबाड़े से रात्रि 9 बजे गश्त पर निकलेगी मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली, मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, गाजी नूर, बासित कादरी, न्याज़ मंसूरी,जवाहर अली जुलूस की कायादत करेंगे। इसके साथ ही गढ़ा की तमाम टिपारियां अपनी बस्तियों मे गश्त करते हुए गढ़ा बाजार स्थित हज़रत सैय्यद बाबा की हाजरी पेश करेंगी। दरगाह शरीफ मे मुईन उस्मानी, शेखर सोनी,अजय अवस्थी, उमेश तिवारी द्वारा बाबाओं का इस्तकबाल किया जाएगा। सैय्यद बाबा की दरगाह मे बज्मे सुल्तानी की जानिब से लंगर का एहतेमाम किया जाएगा। छावनी क्षेत्र सदर मे रात्रि 9.30 टिपारियो का जुलूस निकाला जाएगा जो सदर की गलियों मे गश्त उपरांत प्रमुख मार्गो द्वारा कचहरी दरगाह हाजरी देने पहुँचेगा। समाजसेवी अकबर खान सरवर ने तमाम बेड़ो से शालीनता और अक़ीदत के साथ जुलूस निकालने की अपील की है।

### मुहर्रम की व्यवस्थाओं पर मौलाना ने लिखा पत्र

मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित कर मुहर्रम की पाँच तारीख 24 जुलाई को कचहरी वाले बाबा की दरगाह, सात तारीख 26 जुलाई को मदन महल दरगाह, नौ तारीख 28 जुलाई को मदार छल्ला एवं सिटी कोतवाली तथा दस तारीख 29 जुलाई को रानीताल कर्बला व सूपाताल कर्बला मे समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की गुजारिश की है। मौलाना साहब ने मुहर्रम पर्व भरपूर अक़ीदत शालीनता तथा संप्रदायिकता एकता के साथ मनाने की अपील की है। बेदार कमेटी की मांग- बेदार कमेटी के मुख्तार हुसैन अंसारी, हाजी मक़बूल रजवी, शेख जमील नियाज़ी, पप्पू वसीम खान, मतीन अंसारी, अमीन कुरेशी, सरदार मुईन खान जमा खान, अकबर खान सरवर, हाजी इसरार अहमद ने रानीताल कर्बला मे मौसमें वारिस के चलते हुए सवारी ताजिये के लिए एक आस्थाई वॉटर प्रूफ टेंट लगवाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## स्थानीय भाषा में शिक्षा देने के निर्देश का नागरिक उपभोक्ता मंच ने किया स्वागत

**जबलपुर, यशभारत।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. जोसेफ इमानुवल ने 21 जुलाई को परिपत्र जारी कर बोर्ड से जुड़े सभी विद्यालयों के प्रमुखों को प्रायमरी से बारहवीं कक्षा तक मातृभाषा स्थानीय भाषा में शिक्षण शुरू करने के निर्देश जारी किये है। जारी सर्कुलर में सीबीएसई ने स्वयं स्वीकारा है कि शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने में कई चुनौतिया सामने है, प्राशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता, पाठ्य पुस्तके तैयार करना, सीमित समय सीमा आदि कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। अतः एनसीईआरटी को 22 अनुसूचित भारतीय भाषा के माध्यम से नई पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के निर्देश जारी किये है। सीबीएसई ने यह सर्कुलर जारी कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुच्छेद 4.12 का उल्लेख कर छात्रों के बहुभाषिकता के महत्वपूर्ण लाभों पर बल दिया है।उपभोक्ता मंच ने मातृभाषा - स्थानीय भाषा में शिक्षण देने के नीति का स्वागत कर बताया की इस नीति को कमशः लागू होना चाहिये। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा हिंदी में देने की नीति वर्तमान शासन ने लागू की है, इसे 2 वर्ष हो रहे किंतू अभी तक तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कानून शिक्षा आदि की पाठय पुस्तकें छात्रों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है।मंच के अनुसार यही स्थितियां अन्य राज्यों में भी निर्माण हुई है, जहां स्थानीयभाषाओं पाठ्य पुस्तके उपलब्ध नहीं है। ऐसे में छात्रों को भारी नुकसान होने की संभावनायें है। मंच की बैठक में डॉ. पी. जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेद प्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डी. आर. लखेरा, सुशीला कनौजिया आदि उपस्थित थे।

## मणिपुर में जारी हिंसा के खिलाफ कांग्रेस सेवा दल ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

**जबलपुर,यशभारत।** मणिपुर में जारी हिंसा एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे घिनौने अपराध को लेकर जबलपुर जिला शहर कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जिला शहर कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बड़ा पत्थर से व्हीकल मोड़ रांझी तक जुलूस निकाला और पीएम नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग की साथ ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी आवाज उठाई। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन धारण रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदर्शन के दौरान राजेंद्र मिश्रा, मुख्य संगठक, जबलपुर जिला शहर कांग्रेस एवं शिव यादव, सतीश तिवारी, टीटू जग्गी, अनिल शर्मा, नेम सिंह, रमेश बोहित, राजेश यादव, राकेश सैनी, नन्हे लाल धुर्वे, नारायण गुप्ता, अनिल सोनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।




## गाली देने पर कुल्हाड़ी मारकर की थी हत्या

**शहपुरा में 80 वर्षीय वृद्धा की हत्या का मामला आरोपित अभिरक्षा में**

**जबलपुर, यश भारत।** जिले के बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरमुहा गांव में एक 80 वर्षीय वृद्धा की हत्या के आरोपित को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर उससे पूछताछ करने में लगी हुई है पुलिस के अनुसार रति बाई पटेल खेत में बने मकान की देखरेख करने जाया करती थी जहां पर मवेशी पाल रखे थे जिनको भूसा पानी देने के लिए नौकर रखे थे घटना के दिन रति बाई ने नौकर के लड़के से कहा कि मवेशियों को भूसा पानी कर दो जब उसने आनाकानी की तो वृद्धा ने गाली गलौज कर दी जिससे उत्तेजित होकर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और शव को घसीट कर मक्का के खेत में फेंक दिया था उक्त घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल का निरीक्षण एवं पीड़ित पक्ष से कथन लेने के बाद आरोपित को अभिरक्षा में लिया गया है।

## ब्राम्हण महासभा ने पौधा रोपित कर अमर सेनानी को अर्पित की श्रृद्धांजलि



**जबलपुर, यश भारत।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी चंद्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा ने वृहद पौधारोपण मदन महल की पहाड़ियों पर किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महासभा के प्रदेश संयोजक आशीष त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वृक्ष लगाने से ही आजादी सुनिश्चित हो सकती है और यह आजाद को एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश संयोजक आशीष त्रिवेदी ,आलोक मिश्रा, रत्नेश मिश्रा,सत्येंद्र ज्योतिषी, नवीन शुक्ला , अखिलेश दीक्षित ,बृजेश दुबे , गुड्डा त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों की उपस्थिति रही।

## प्रदेश के कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के तहत दिया जाए गृह भाड़ा भत्ता

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मांग की है कि मध्यप्रदेश में सभी कर्मचारियों को 7 वें वेतनमान के अनुरूप भत्ते प्रदान किए जाएं।

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन अपने कर्मचारियों को 14 साल पहले के छठवें वेतनमान के मान से गृह भाड़ा भत्ता प्रदान कर रही है। जबकि मंहगाई बहुत बढ़ रही है।

## सावन महोत्सव, शपथ ग्रहण धूमधाम से मनाया

**जबलपुर, यशभारत।** नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल का सावन महोत्सव और शपथ ग्रहण धूमधाम से मनाया गया,नई सोच को रखते हुए भारतीय संस्कृति महोत्सव मानने और समाज सेवा की शपथ ली गई,हर किसी के जन्मदिन पर एक पौधा लगाना है ऐसे अपने पितरों के नाम पर भी पौधा लगाना है,सावन की थीम थी (सतरंगी छटा कुछ अतरंगी सी)इंद्रधनुष तो बारिश में ही निकलता है ,मजेदार सावन के गीतों पर गेम खेला गया ,साथ नृत्य प्रस्तुति के साथ ही थीम के हिसाब से कैटवॉक हुए, अध्यक्ष डॉ कल्पना मिश्रा ने बताया सतरंगी अतरंगी क्वीन की जजमेंट के लिए ,मीनल छातानी,प्रेणना जगवानी थी,माला सिंह की अध्यक्षता रही, संगीता पांडे, श्वेता जोशी, आशा चतुर्वेदी, स्वाति विषकर्मा, सोनिया आनंद , दीक्षा, सीमा चावला, शेफाली, वंदना सिंह, प्रीति शुक्ला, स्नेह चतुर्वेदी ने एंकरिंग की।

**बैठक** | **आंदोलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में बनी रूपरेखा**

## पुरानी पेंशन के लिए सांसद विधायक के यहां बजेगी घंटी

**जबलपुर, यश भारत।**राष्ट्रीय पेंशन बहाली आंदोलन के तहत एमएनओपी बैनर तले विभिन्न चरणों में आंदोलन को गति देने के लिए बैठकों का दौर जारी है।इसी क्रम स्थानीय स्तर पर बैठक का आयोजन श्री हनुमान मंदिर व्हीएफजे परिसर में हुई।जिसमें तय किया गया कि एक अगस्त से 9 अगस्त के बीच सांसद विधायक के घर जाकर पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु घंटी बजाओ आंदोलन किया जाना है । बताया गया कि देशभर के सभी राज्यों में जिला स्तर पर कार्यक्रम होना है उसी तारतम्य जबलपुर आयोजन कमेटी के तत्वावधान में 6 अगस्त को सांसद और विधायक के निवास पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन देकर घंटी बजाई जायेगी। बैठक में सभी सुरक्षा संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिसमें डिफेंस के राष्ट्रीय सहसंयोजक नीरज त्रिपाठी रोहित सेठ अनिल गुप्ता राकेश जयसवाल अविनाश पटेल असीम दुबे बीरबल श्रीनिवास चंदन कुमार जय कुमार अजय चड्डा, रामभुवन पटेल,हिमांशु कुमार, राकेश राय,मनोज मिश्रा, डी. एस.परमार,विकास यादव,अरविंद मंडल, प्रमोद त्रिपाठी, दीपक लहरी, बृजेश त्रिपाठी,राकेश दुबे,संजय प्रधान,मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## कालाबाजारी करने वाले राशन दुकानों पर कार्यवाही जारी

### तीन दिन के भीतर 26.63 लाख जमा करने के निर्देश

**जबलपुर, यशभारत।** सार्वजनिक उपभोक्ता प्रणाली का खाद्यान्न उपभोक्ताओं को न बांटकर कालाबाजारी करने के आरोप में जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जन कल्याण सहकारी उपभोक्ता भंडार क्रमांक .2 सुहागी द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान 3304082 के विक्रेता राम किशोर काछी एवं संस्था के अध्यक्ष राजू चौधरी को तीन दिन के भीतर 26 लाख 62 हजार 990 रूपये जमा करने का समय दिया गया है तथा दुकान संचालन का प्राधिकार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर के अनुसार खाद्यान्न वितरण में अनियमित्ता की शिकायत पर इस इस शासकीय उचित मूल्य की दुकान की जांच विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी आधारताल अनुराग सिंह की उपस्थिति में सहायक आपूर्ति अधिकारी अनिता सोरते द्वारा की गई थी। जांच के दौरान विक्रेता राम किशोर काछी भी मौजूद थे। श्री टांडेकर ने बताया कि मौके पर उपस्थित मूल्य दुकान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें 393.22 क्विंटल गेहूँ, 497.50 क्विंटल चावल, 3 क्विंटल शक्कर, 1 हजार 465 क्विंटल केरोसिन एवं 17.08 क्विंटल नमक कम पाया गया था। इनकी कीमत 26 लाख 62 हजार 990 रूपये आंकी गई। जांच के समय उचित मूल्य दुकान में अन्य उचित मूल्य दुकान क्रमांक 3316182 का विक्रेता अनाधिकृत खाद्यान्न का वितरण करते हुये पाया गया। भौतिक सत्यापन में खाद्यान्न के कम पाये गये स्टॉक के सबंध में विक्रेता द्वारा कोई समाधान कारक कारण नहीं बताया गया और न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत किये गये। इससे यह स्पष्ट हुआ कि उचित मूल्य दुकानदार द्वारा हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण न किया जाकर उसकी कालाबाजारी की गई है। जिला अपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक उचित मूल्य दुकान के दुकानदार द्वारा किये गये यह कृत्य मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिकाओं का उल्लंघन तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। उन्होनें बताया कि जन कल्याण सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित क्रमांक दू 2 सुहागी द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान क्रमांक 3304082 के दुकान संचालक का प्राधिकार निलंबित करने के साथ ही इस दुकान के उपभोक्ताओं को खाद्यान्न प्राप्त करने निकटतम उचित मूल्य दुकान यकिनिया उपभोक्ता सहकारी भंडार द्वारा संचालित दुकान क्रमांक 3316285 से संलग्न किया गया है। जनकल्याण सहकारी उपभोक्ता भंडार सुहागी के अध्यक्ष राजू चौधरी एवं विक्रेता राम किशोर काछी को 26 लाख 62 हजार 990 रूपये राशि जमा करने तीन.दिन का समय देते हुये जारी किये गये नोटिस का जवाब नहीं दिये जाने पर उनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के

# सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

## क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए विरोध प्रदर्शन में

**सिहोरा, यशभारत।** सिहोरा जिला आंदोलन की आग में सुलगती सिहोरा जिला की चिंगारी को मऊगंज और नागदा के जिला घोषित होने ने हवा दे दी। पिछले दो वर्षों से लगातार सिहोरा जिला की मांग को लेकर साप्ताहिक धरना दे रहे आक्रोशित आंदोलनकारियों ने अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी ।आंदोलनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि सरकार सिहोरा की उपेक्षा बंद कर सिहोरा को तत्काल जिला बनाने की कार्रवाई पूर्ण करें।

### पंजाब से पहुंचे आप पार्टी के चेयरमैन

समिति के धरने के दौरान आम आदमी पार्टी के पंजाब के इम्प्रोसमेन्ट ट्रस्ट के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह दल बल के साथ पहुँचे और सार्वजनिक घोषणा की कि भाजपा और कांग्रेस ने सदैव सिहोरा का शोषण किया है आम आदमी पार्टी सत्ता में आने के 6 माह बाद सिहोरा को जिला बनाकर सिहोरा के सम्मान की पुनर्स्थापना करेगी।

रविवार को जब लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति का 95 वां धरना चल रहा था समिति ने शिवराज सरकार और स्थानीय पार्टी के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला बनने तक अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी।माना जा रहा है अब सरकार और सिहोरा वासी आमने सामने हो आर पार की लड़ाई का शंखनाद कर चुके है। रविवार के धरने मे आम आदमी पार्टी के संतोष वर्मा,संजय पाठक,संतोष मार्को,संदीप सिंह सहित आंदोलन समिति के विकास दुबे, अनिल जैन,मानस तिवारी, सुशील जैन,नत्थू पटेल,संतोष पांडे, आदित्य तिवारी,रामलाल यादव, अमित बक्शी,रमाशंकर चौरसिया, सेंकी जैन,मोहन सोंधिया ,सुखदेव कौरव सहित अनेक सिहोरावासी मौजूद रहे।




## » न्यूज गैलरी

### सैयद बाबा की दरगाह पर हुआ लंगर का आयोजन



**गाडरवारा यश भारत।** मुस्लिम समुदाय के मोहर्रम पर्व पर मस्जिदों में बाद नमाज ईशा जिक्रे शहीदाने करबला के साथ घरों घर प्रतिदिन कुरान ख्वानी का प्रोग्राम चल रहा है, महिलाओं की मजलिस मे कुरान पाक की तिलावत शहीदाने कर्बला पर बयान, नाते पाक पेश की जा रही है। शाम के वक्त छबील शरबत का वितरण कई स्थानों पर हो रहा है ।शहीदाने करबला इमाम आली मकाम की शान में हजरत सैयद बाबा दरगाह शरीफ शक्ति चौक पर हाजी जी की जानिब से हुसैनी लंगर का प्रोग्राम किया गया द्य जिसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर सबाबेदारेंन हासिल किया, नगर में इमामबाड़ों व दरगाहो पर लोगों का मजमा लगने लगा है। चादर संदल जुलूस भी निकलने लगे हैं। आज मोहर्रम की 5 तारीख को इमाम बाड़ों की टिपारियां बाबाओं की आमद के साथ शहर में गस्त करेंगी इसके उपरांत अपने मुकाम पर पहुंचकर सवारियां खड़ी की जाएगी। नगर मे मोहर्रम का पर्व कौमी एकता के साथ मनाया जा रहा है।

### बरेला व्यापारी संघ के द्विवर्षीय चुनाव सम्पन्न



**बरेला/ बरेला** में व्यापारी संघ के चुनाव वोटिंग प्रक्रिया द्वारा संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद के लिए आशीष जैन ( बाबी जैन ) को चुना गया।कोषाध्यक्ष पद हेतु विशाल सोनी और महासचिव पद हेतु अमिताभ नामदेव को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का विजय जुलूस 24जुलाई को शाम 4 बजे भेरो बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए दादा ठनठन पाल मंदिर में समाप्त होगा। समस्त व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने एवं नगर के नागरिकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां दी और नगर में हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, दो घायल

पाटन, यशभारत। पाटन के ग्राम तिलगवा में धान के खेत में रोपाई कर रहे मजदूरों पर आकाशीय बिजली गिरने का मामला सामने आया है पूरी घटना में जहां एक महिला मजदूर ने दम तोड़ दिया तो दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गई पुलिस ने आज जानकारी देते हुए बताया कि सरोज बाई पति महेश गोंड उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मांदा अन्य महिला मजदूरों के साथ ग्राम तिलगवा मैं रविवार की शाम धान की रोपाई कर रही थी इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उक्त महिला की मौत हो गई वही पूरी घटना में अनीता बाई और कल्पना बाई गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें पाटन शासकीय अस्पताल इलाज हेतु लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा गंभीर घायलों को इलाज हेतु जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया भाई अन्य मजदूर भी आकाशीय बिजली गिरने के कारण झुलस गए।

### जन जागरूकता रैली निकाली



**बरगी, यशभारत।** संभाग महाकौशल भाग शारदा अंचल जबलपुर संच बरगी एवं मंगेला के 10 दिवसीय आचार प्रशिक्षण वर्ग के चलते ग्राम स्वराज के माध्यम से जन जागरूकता रैली निकाली गई जिस में उपस्थित बरगी नगर थाना में कार्यरत सत्येंद्र मरावी संदीप उईके कोमल डेहरिया अंचल की मां किरण पाठक दीदी जी संच समिति अध्यक्ष श्रीमान नीरज जैन जी श्री राजेश नामदेव जी श्री रोशन तिवारी श्री डालचंद चौकसे एवं रामायण मंडली सुशीला बाई पंच कामिनी पटेल ,दुर्गा ,पुष्पा ,सरला , भूरी रज्जू एवं अंचल ग्राम स्वराज्य प्रमुख प्रतिमा शुक्ला संघ प्रमुख हेमलता विश्वकर्मा सीमा पटेल एवं समस्त आचार्य बहने उपस्थित रहे।

# ग्राम खुर्सीपार में हुआ नारी सम्मान



**गाडरवारा यशभारत** गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी द्वारा चलाई जा रही नारी सम्मान योजना का आयोजन इस योजना के विधानसभा प्रभारी जिनेश जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर नारी सम्मान योजना के फार्म भरे।

**महिलाओं ने दिया समर्थन**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र पटेल मंझले भैया ने नारी सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी ने नारी सम्मान योजना के तहत वचन दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनते ही उसे पूरा किया जाएगा द्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नारी सम्मान योजना के विधानसभा प्रभारी जिनेश जैन, जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव,ब्लॉक अध्यक्ष दिग्विजय सिंह पटेल, कांग्रेस नेता अभिनय ढिमोले ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को नारी सम्मान योजना के माध्यम से 15 सो रुपए प्रतिमाह एवं 5 सो रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा 100 यूनिट बिजली बिल माफ 200 यूनिट बिजली मिल हाफ किया जाएगा, भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल देखा जा रहा है बेरोजगारी चरम सीमा पर है, व्यापम एवं कई बड़े-बड़े घोटाले के बाद पटवारी भर्ती घोटाला हो गया , हमे ऐसी नाकारा ओर निकम्मी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है ओर मध्यप्रदेश में कमलनाथ जी नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार स्थापित करना है , इस अवसर पर कांग्रेस नेता विनोद राजोरिया, उमा गुप्ता,अवधेश रूसिया, संदीप ढिमोले, सर्वेश्वर पांडे,आकाश चौकसे सहित ग्राम खुर्सीपार प्रहलाद शुक्ला,जुगल किशोर शुक्ला,जमुना प्रसाद आदरूज,गोविंद प्रसाद दुबे, विपिन तेंगुरिया, रमाकांत तेंगुरिया ,रजनीश दीक्षित ,शिवकुमार पटेल, मनमोहन दुबे, बड़ेलाल कौरव, रंजीत कौरव, सीताराम कौरव ,गिरीश कुमार शुक्ला, विजय कुमार तेंगुरिया, सुरेन्द्र तेंगुरिया,राजेंद्र तेंगुरिया, शेखर तेंगुरिया, प्रशांत तेंगुरिया, रमाकांत तेंगुरिया, रामबाबू तेंगुरिया,श्रीलाल ठाकुर, सुंदर ठाकुर,मनोज जाटव, कोमल जाटव, पन्नालाल जाटव, कमलेश जाटव आदि ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश दीक्षित एवं आभार प्रदर्शन अवधेश रूसिया ने किया।

जर्जर आंगनवाड़ी भवन में बच्चों को बैठने नहीं जगह

# गिर रहा छत का प्लास्टर, टपक रहा पानी





**बेलखाडू, यशभारत** ग्राम झगरा में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों के अभिभावक खस्ताहाल भवन को लेकर चिंतित है। आंगनवाड़ी में बच्चे जर्जर भवन में बैठने को मजबूर हैं। आंगनवाड़ी भवन इस तरह जर्जर हो चुकी है की छत का प्लास्टर गिर रहा है बारिश के मौसम में जगह जगह से पानी टपकता है, पानी टपकने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।आंगनवाड़ी भवन जर्जर हालत में हैं जहां नैनिहाल जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं और आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्था और दिन-ब-दिन खराब होती जा रही हैं। अभी तो बारिश की शुरुआत है जब ज्यादा बारिश होगी तो ना जाने आंगनवाड़ी की स्थिति क्या होगी ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत कार्य कराने की मांग की है।

## नरसिंहपुर जिले में 22 जुलाई तक औसतन 621 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 22 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 621 मिमी अर्थात 24.44 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 22 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 25 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 42 मिमी, गाडरवारा में 9 मिमी, गोटेगांव में 2 मिमी, करेली में 55 मिमी और तेंदूखेड़ा में 17 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 714 मिमी, गाडरवारा में 653 मिमी, गोटेगांव में 444 मिमी, करेली में 734 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 560 मिमी वर्षा आंकी गई है।

इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 377.60 मिमी अर्थात 14.87 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 366 मिमी, गाडरवारा में 352 मिमी, गोटेगांव में 376 मिमी, करेली में 429 और तेन्दूखेड़ा में 365 मिमी वर्षा हुई थी।

# सुजीत सिंह बने जिला उपाध्यक्ष, विधायक ने दीं शुभकामनाएं



**पाटन , यशभारत।** जबलपुर में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की बैठक का आयोजन कर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी,राष्ट्रीय संयोजक नलिकान्त वाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष देव शंकर अवस्थी और जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा की अनुशंसा पर पाटन के पत्रकार सुजीत सिंह को जबलपुर जिले का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया उनके उपाध्यक्ष बनने पर पाटन विधायक अजय विश्नोई ने पुष्प गुच्छ और कलम देकर बधाई दी एवं वरिष्ठ पदाधिकारीयो के प्रति आभार व्यक्त किया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह,एड देवेंद्र यादव,नगर परिषद उपाध्यक्ष देव कुमार यादव,महेंद्र सिंह,एड राघवेंद्र यादव,प्रशांत जैन,राजेन्द्र राठौर,दीपक जैन,प्रदीप पटेल,शेरू भुर्रक,सत्यम मेहरा,आदित्य नामदेव,रंजीत ठाकुर,सिद्धान्त नायक,प्रीतम श्रीपाल आदि उपस्थित रहे ।

# मंडलम, सेक्टर, बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**बरेला/देवरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरेला ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग के संयोजन में ग्राम देवरी पटपरा में मंडलम, सेक्टर, बूथ प्रभारियों का कार्यकर्ता सम्मेलन पनागर विधानसभा 101 के सभी चारों ब्लाकों से पदाधिकारी, कार्यकर्ता सम्लित हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव मा.संजय कपूर, सहप्रभारी विभाष जैन, जिला ग्रामीण अध्यक्ष डा.नीलेश जैन जी जिला संगठन मंत्री राज किशोर पटेल विधानसभा प्रभारी विमल जैन के समक्ष सेंकडों की संख्या में नवयुवकों, व बाल कांग्रेस ने रीति नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को विधानसभा मंडलम, सेक्टर, बूथ पर कैसे काम कर जीत के गुण बता उर्जा का संचार कर पन्ना प्रभारियों को उनके दायित्व से अवगत कराया इस अवसर पर पनागर विधानसभा के सभी वरिष्ठ जन मुकेश रघुवर पटेल, राजेश पटेल, सम्मति सैनी, सतेन्द्र यादव, राधेश्याम चौबे, वीरेंद्र चौबे, विवेक पटेल, विनीत यादव, सिंह,अनीता झारिया, रिंकू तिवारी, संजय श्रीवास्तव, महेंद्र चक्रवर्ती, तुलसीराम कुशवाहा, अरविंद तिवारी, विपिन झारिया, अनुराग पटेल,




रामजी रैकवार, योगेश पटेल, रामानुज पटेल, अनंतराम पटेल,राजेन्द्र पटेल, नीलकमल झारिया, संतोष पटेल, संतराम श्रीपाल, नरेश पटेल, शेख सलीम, भूपेन्द्र यादव, योगेश झारिया,जगदेव पटेल, मोहित गर्ग, सुरेश जैन, उजयार पटेल, राजकुमार पटेल, जम्मन जयसवाल,जहीर अहमद, सिल्लू पटेल, दादूराम यादव, बसंत तिवारी,मुकेश गोंटिया, बालामहाराज, गोपाल झारिया, भूरा पहलवान, रामस्वरूप पटेल, अमित शुक्ला, सोहन विश्वकर्मा, अंकित शुक्ला, जगदेव पटेल, पंचम यादव, नीलेश बडकडे, राजू पाठक, गुड्डा बडकडे. खिलावन बडकडे, ज्ञानी झारिया,कपिल पटेल,सागर गौर, शहीद तोले खान, राजीव गौतम,मुन्ना झारिया,शेख अब्बास,रामकुमार नामदेव,इंद्र कुमार, कपिल पटेल, संजू पटेल, नीरज गर्ग,गोविंद मरावी, पप्पू पटेल मिन्टू झारिया सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेत्रहीन दिव्यांग बालिका को तत्काल पचास हजार रुपए की राशि प्रदान की



**गाडरवारा यशभारत।** विगत दिवस मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गाडरवारा में जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता पवन पटेल ने नेत्रहीन दिव्यांग बालिका कुमारी संतोषी मेहरा निवासी ग्राम बारहाबड़ा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलवाया। तत्काल मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान से 50000 रुपये की राशि देने के निर्देश कलेक्टर को दिए एवं उसकी आंखों की जांच करवा कर हर संभव इलाज कराने की बात कही। इस संबंध में गाडरवारा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमति सृष्टि देशमुख गोंडा ने पीड़ित संतोषी को 50000 रुपये का चेक प्रदान किया। कुमारी संतोषी मेहरा एवं परिवार जनों ने संवेदनशील मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की एवं भाजपा नेता पवन पटेल का आभार व्यक्त किया।

# ब्रम्हलीन शंकराचार्य का जन्म जयंती का शताब्दी समारोह 18 सितंबर को

### पूरे जिले में भव्यता से मनाए जाने की तैयारी

**नरसिंहपुर , यशभारत।** ज्योतिष एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद जी सरस्वती महाराज की जन्मजयंती का शताब्दी महोत्सव परमहंसी गंगा आश्रम झौतेश्वर में मनाया जायेगा। इसके लिये अभी से व्यापक तैयारिया प्रारंभ कर दी गई हैं। अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने पत्रकारो को बताया कि संपूर्ण नरसिंहपुर जिले के प्रत्येक ग्राम में महाराज श्री के जन्मोत्सव 18 सितंबर को ग्रामवासियो द्वारा अपने ग्राम के देव स्थान या सार्वजनिक स्थान पर ध्वजारोहण किया जायेगा। शंकराचार्य ने सभी गुरू भक्तों एवं सनातनी धर्मावलंबियों से सहयोग की अपेक्षा की है। आपने बताया कि ब्रम्हलीन पूज्य शंकराचार्य जी की तपो और कर्म स्थली नरसिंहपुर जिला रही है। नरसिंहपुर जिले से उनका गहरा लगाव रहा उन्होंने जिले को बहुत दिया जो कभी भुलाया नहीं



## मणिपुर की स्थिति भयावह

पत्रकारों के कई प्रश्नों का उत्तर देते हुये शंकराचार्य जी ने बताया कि निश्चित तौर पर मणिपुर की स्थिति भयावह है। हमने भी वहां प्रतिनिधि के रूप में दो लोगो को वस्तु स्थिति जानने के लिये भेजा है । शंकराचार्य जी ने ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर कहा कि वहां पर प्राचीन शिवलिंग स्थापित है जिसकी पूजा की अनुमति हिन्दुओ को मिलना चाहिए कोर्ट को शीघ्र निर्णय देना चाहिए। सीमा हैदर मामले में महाराज श्री ने कहा कि ऐसे किसी मामले में किसी को भी अवसर नहीं देना चाहिए उसको तुरंत पाकिस्तान भेजा जाए क्योंकि इससे देश को खतरा हो सकता है।आपने कहा कि निश्चित तौर पर सभी को मंदिरों में मर्यादित और परंपरागत वस्त्र पहनकर जाना चाहिए।

# पनागर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**पनागर , यशभारत।** थाना पनागर में शांति समिति की बैठक सीएसपी प्रियंका करचाम जी नायब तहसीलदार सारिका रावत जी थाना प्रभारी रितेश पांडे मध्य मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के कनिष्ठ अभियंता असाटी जी की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें आगामी त्यौहार मोहर्रम के संदर्भ में मुस्लिम बंधुओं से एवं सभी नागरिक बंधुओं से चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई एवं त्यौहार सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया लोगों ने इस दौरान होने वाली परेशानियों से अवगत कराया जिन को शीघ्र निराकरण किया गया इस अवसर पर आदर्श व्यापारी संघ के अध्यक्ष पदम मोदी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा अनिल दुबे मुन्ना लाल शर्मा पार्षद दीपू नामदेव बाबू खान मोहम्मद खान राजकुमार बंशकार गोवर्धन खेतपाल नगर पालिका परिषद पनागर के दुबे जी एवं अमित वर्मा सहित अनेक गणमान्य जन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गांव गांव चल रहा है पार्थिव शिवलिंग रुद्री निर्माण कार्यक्रम



तेंदूखेड़ा यशभारत। श्रावण और पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक आयोजन जारी है इसी श्रृंखला के चलते तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विधायक संजय शर्मा द्वारा संत शिरोमणि रावतपुरा सरकार के कुशल सानिध्य में विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 51 गांवों में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग एवं रुद्री निर्माण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। श्रीराम मंदिर परिसर पीपरवानी पान से प्रारंभ हुये इस पुनीत धार्मिक आयोजन को लेकर विधायक संजय शर्मा का मानना है कि क्षेत्र का लोककल्याण हो सुख समृद्धि शांति का वातावरण बने,श्रावण मास भगवान भोलेनाथ की आराधना का मास माना जाता है लोग सामूहिक रुप से अपने अपने गांव में एक साथ मिल बैठ कर ऐसे आयोजनों में शामिल होवें। इससे क्षेत्र में भाईचारा और धार्मिक आध्यात्मिक वातावरण बनता है। संयोजक यशवंत आचार्य द्वारा गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। पीपरवानी ढिलवार में संपन्न हुए शिवलिंग रुद्री निर्माण में बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं ने भाग लिया।

# लीनेस क्लब का दिव्यांग सेवा कार्यक्रम आयोजित



**गाडरवारा यशभारत।** लीनेस क्लब दिव्य शक्ति सदैव जरूरतमंदों की सहायता की दिशा में सेवा कार्य करती रहती है। इसी तारतम्य में दिव्यांग सेवा के अंतर्गत स्थानीय बीटीआई स्कूल में शाला के प्राचार्य जगमोहन शर्मा के मार्गदर्शन में लीनेस क्लब अध्यक्ष किरण साहू की अध्यक्षता में मंजू गुप्ता के मार्गदर्शन और निर्मला पटेल के संरक्षण में डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन( दिव्यांग सेवा ) लीनेश नम्रता वसा द्वारा द्वारा दिव्यांग सेवा के तहत दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ बैग कापियां और पेन देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, और उनके उत्साहवर्धन हेतु बहुत सुंदर कविता का प्रस्तुतीकरण किया। बीटीआई स्कूल शाला के बच्चों ने अनेक विधाओं में अपनी प्रस्तुति दी तथा दिव्यांग बच्चों ने भी अपने शानदार उद्बोधन और मनमोहक कार्यो से सभी का मन मोह लियालीनेश क्लब दिव्य शक्ति द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साला के प्राचार्य श्री शर्मा ने बताया इस वर्ष शासकीय बीटीआई स्कूल से बहुत से बच्चे टॉपर रहे हैं और उन्हें अभी लैपटॉप का वितरण भी होना है। मंजू गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों का आने वाला कल उज्जवल हो सभी बेहतर पढ़ाई कर अच्छे पदों पर पहुंचकर अपने स्कूल नाम रोशन करें।अध्यक्ष किरण साहू ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कभी भी किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो हम सहर्ष बच्चों की सहायता के लिए खड़े हैं।कार्यक्रम का संचालन ब्राउन मैडम द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वालों में शिखा नीखरा, मंजू खंताल, रेखा मेहरा, शालिनी त्रिपाठी आदि प्रमुख रही।

देश के प्लांटों में सर्वश्रेष्ठ

एस्सेल कंपनी ने बैंकों से लिया 100 करोड़ का कर्ज नहीं चुकाया

# पीएम पुरस्कार से सम्मानित कठौंदा प्लांट बैंकों में गिरवी रखा, मेंटेनेंस रुका

→ नीरज उपाध्याय ←

यशभारत खास

जबलपुर, यशभारत। पीएम पुरस्कार से सम्मानित और स्वच्छ भारत अभियान में नगर निगम को नंबर दिलाने वाले कठौंदा पॉवर प्लांट की स्थिति ठीक नहीं है। पूरा प्लांट तीन बैंक के पास गिरवी रखा हुआ है। करीब 100 करोड़ रूपए का कर्ज तीनों बैंकों से एस्सेल कंपनी द्वारा लिया गया था लेकिन कंपनी ने कर्ज नहीं चुकाया और प्लांट को गिरवी में रखना पड़ा। यही नहीं बैंक में प्लांट गिरवी रखने से मेंटनेंस भी नही हो पा रहा है। इसका कारण बैंकों द्वारा सिर्फ प्लांट को संचालित करने का जिम्मा लिया गया न कि मेंटेनेंस। इधर कंपनियों के जिम्मेदारों का दावा है कि बरसात बाद प्लांट का मेंटनेंस होगा और पहले की तरह प्लांट में कामकाज होगा।



### जमीन को रखकर लिया था लोन

इस प्लांट को नगर निगम ने भूमि लीज पर दी थी। इस भूमि को देते वक्त नियमों का पालन न किए जाने से भूमि की वैधता पर प्रश्न खड़े हुए हैं। ननि द्वारा लीज पर दी गई 16 एकड़ जमीन को रखकर कंपनी ने 100 करोड़ रुपए का बैंक से लोन भी ले लिया था। 11 मई 2016 से इस प्लांट में बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। प्रदेश में इस तरह का यह पहला प्रोजेक्ट था जिसमें प्लांट लगाने वाले एस्सेल कंपनी के लिए कई नियमों को शिथिल करते हुए भूमि का आवंटन मात्र 1 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से कर दिया गया।

### देश के 11 प्लांट में कठौंदा सर्वश्रेष्ठ

देश में 11 वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जिसमें जबलपुर का कठौंदा सबसे सर्वश्रेष्ठ है। यह बात दोनों सरकारें मान चुकी है। इस प्लांट को एक नहीं तीन पुरस्कार मिल चुके है। बताया जा रहा है कि जबलपुर का कठौंदा प्लांट ऐसा जहां पर सूखा-गीला कचरा कम्पोजट किया जाता है।

**फैक्ट फाइल...**

**कठौंदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की स्थिति**

- 6 साल पहले शुरू हुआ था प्लांट
- 178 करोड़ निर्माण लागत
- 100 कर्मचारी हैं प्लांट में
- 550 टन कचरा होता है इकट्ठा
- 350 टन उपयोगी कचरा
- 12.50 मेगावॉट प्लांट की बिजली उत्पादन क्षमता
- 11.50 मेगावॉट बिजली का हो रहा है उत्पादन
- 1.50 करोड़ से पौने दो करोड़ हो रही आय
- 2.50 करोड़ तक होती थी आय

बरसात में बिजली उत्पादन कम हो जाता है इसलिए थोड़ी दिक्कत आ रही है। बैंकों का कर्ज भी धीरे-धीरे चुकाया जा रहा है।

**क्षितिज सक्सेना,**
**प्रभारी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट**

**» न्यूज गैलरी**

## कलेक्शन के 4 लाख 75 हजार लेकर भागा डिलेवरी ब्वॉय

**जबलपुर,यशभारत।** लार्डगंज थानांतर्गत एक ऐसा मामला सामने आया है जहां डिलेवरी लिमिटेड कोरियर कंपनी से डिलेवरी कलेक्शन के 4 लाख 76 हजार 592 रुपए लेकर कर्मचारी अपने साथी के साथ भाग गया है। कंपनी के टीम लीडर अमन रजक निवासी रीवानगर महाराजपुर, अधारताल ने मामले की रिपोर्ट लार्डगंज पुलिस थाना में दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि दत्त मंदिर रोड स्थित डिलेवरी लिमिटेड कोरियर कंपनी का ऑफिस है जहां पर सभी कर्मचारी दिन भर के कैश कलेक्शन का हिसाब कर रहे थे। इसी दौरान डिलेवरी ब्वॉय महेश गुप्ता वहां अपने एक साथी के साथ पहुंचा और कलेक्शन के प्लास्टिक के बैग में रखे हुए 4 लाख 76 हजार 592 रूपये लेकर भाग गया। पुलिस दोनों युवकों की तलाश कर रही है।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जबलपुर,यशभारत।** शहपुरा थानांतर्गत ग्राम नौनी में 15 साल की नाबालिग लड़की ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आत्महत्या का कारण अभी सामने नहीं आया है जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। शहपुरा के ग्राम नौनी निवासी ब्रजेश पटैल ने बताया कि वह भूसे का व्यापार करता है उसके मामा गोविंद की नातिन अमृत पटैल 15 वर्ष सुबह 6 बजे कमरे में फांसी के फंदे पर झूलते मिली जिससे वे सभी सकते में आ गए।

## किसान की खेत में करंट से मौत



**जबलपुर,यशभारत।** पनागर थानांतर्गत ग्राम पठरा के खेत में 45 वर्षीय किसान को करंट लग गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और प्रकरण कायम कर जांच शुरू की। पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम पठरा निवासी शोभाराम बर्मन खेत में काम कर रहा था तभी बिजली के तार में उसका पैर पड़ा और फिर करंट से झुलसकर उसकी मौत हो गई।

**डायल 100**

## जाना था जापान पहुंच गए चीन

खाकी



आशीष शुक्ला

अपनी दमदारी और अपनी पोस्टिंग में ढींगे भरने वाले अनेक थाना कप्तान इस समय बगले झांकते हुए दिख रहे हैं। पुलिस मुख्यालय ने बिना आवाज का ऐसा हंटर चलाया है कि क्या करें....क्या ना करें? समझ के बाहर है। तबादला सूची ने चारों खाने चित्त कर दिया है। 4-4 जिलों के ऑप्शन मांगे थे पर आला अफसरों को जाना था जापान पहुंच गए चीन...इस तबादला सूची में अब गणित लगाए जा रहे हैं कि तबादला ऐसी जगह मिल जाए, जहां परिवार दूर ना जाए। अब गणित फिट होता है कि नहीं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दो लोग बतिया रहे थे कि एक वरिष्ठ अधिकारी जिन निरीक्षकों से खुश थे वे तो पहुंच गए मनमाफिक जगह और जो निरीक्षक वरिष्ठ अधिकारी की ओर ध्यान नहीं देते थे उनको काफी लंबा फेंक दिया गया।

### ,,,,ना,ना, ना....वहां नहीं जाना....खौफ

शहर का वह थाना जो कभी जमीन से दो फीट नीचे था, वहां जाने के लिए सिपाही-हवलदारों में होड़ मची रहती थी। पुराना लोहा लंगड़ इसी क्षेत्र में खरीदा और बेचा जाता था। इस थाने में पुलिस किसी भी तरह से ट्रांसफर कराने आमादा रहती थी। यहां वर्तमान थाना मुखिया की कार्यप्रणाली से कोई पुलिसकर्मी वहां जाना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि स्थानांतरण कराने अप्रोच लगा रहे हैं। कारण जो भी हो लेकिन विभाग में इस बात की चर्चा है कि आखिर क्या हो गया कि लोग इस थाना में जाना ही नहीं चाह रहे।

### वाह री पुलिस दिया तले अंधेरा,,,,

पुलिस भी अबूझ पहेली है बड़े, बड़े जोधाओं चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो पुलिस के सूचनातंत्र से बहुत चमकता है। ऐसा भी हो जाता है कि चौकन्नी पुलिस हिट-विकेट हो जाती है। मामला है शहर के हृदयस्थल के समीप के थाने का । पुलिस ने अपनी पीठ थपथपाई । वारंटी को जेल भेज दिया। वारंटी के घर वाले परेशान कि मोड़ा कहां लापता है। एक दो दिन नहीं मिला तो परेशान परिजन पहुंच गए। गुमशु?दगी रिपोर्ट दर्ज हो गई । गुमशुदगी की तालाश भी जारी हो गई।खैर पैरों तल पुलिस की जमीन उस वक्त खिसक गई जिस पर गुमशुदगी दर्ज की थी वह तो जेल चला गया तो ये है पुलिस का हाल..।

## चार दिन पहले निकला था घर से आज नहर में मिला शव

**जबलपुर यशभारत।** मझगवा थाना क्षेत्र के सिंधुली ग्राम के पास से अंतर्गत आज सुबह नहर में एक 22 वर्षीय युवक की लाश मिलने से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई और कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ लग गई । इस घटना की सूचना ग्राम कोटवार ईश्वर दास द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई को उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी में बताया कि आज सुबह सूचना प्राप्त हुई की अगरिया बरने ग्राम की ओर से नहर में एक लाश बहती हुई आई जो पुल में फंसी हुई है मृतक की पहचान देवरी सतधारा निवासी गोलू उर्फ शिवकुमार पटेल पिता राम रतन पटेल के रूप में हुई जो चार दिन पूर्व अपने घर से निकला हुआ था परिजनों द्वारा इसकी तलाश की जा रही थी जिसकी लाश आज सुबह पुल में फंसी हुई मिली।



**धागा से हुई पहचान सतधारा का रहने वाला है मृतक**

## परियट नदी में डूबे नाबालिग की मिली लाश

जबलपुर,यशभारत। अधारताल थानांतर्गत परियट नदी में नहाते समय डूबे 14 वर्षीय नाबालिग की लाश सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे गोताखोरों की रेस्क्यू टीम को घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूरी पर मिली है। परिजनों ने जब अपने बेटे की लाश देखी तो उनके आंसू नहीं थमे। इस बीच पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। विदित हो कि गत दिवस शाम को परियट नदी में नहाते वक्त वार्ड नंबर 76 कंजर मोहल्ला इमलिया निवासी 14 वर्षीय प्रेम झारिया पिता कृष्ण कुमार झारिया पानी में डूब गया था जबकि उसके साथी को डूबने के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बचा लिया था। फिर रेस्क्यू टीम द्वारा रात तक सर्चिंग की गई लेकिन अंधेरा होने के कारण पुलिस और गोताखोरों को सफलता नहीं मिल पाई थी। ये सर्चिंग सोमवार सुबह की गई तो रेस्क्यू टीम को सफलता मिल गई।

## जीआरपी ने यात्री के सुपुर्द किया लैपटॉप

**जबलपुर ,यशभारत।** जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक महिला यात्री का बैग जिसमें 50 हजार रुपए का लैपटॉप रखा हुआ था जल्दबाजी के चक्कर में छूट गया जिसकी जानकारी जीआरपी को दी गई जीआरपी द्वारा बैग को तलाशने के बाद यात्री के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में गाडरवारा जीआरपी ने जानकारी में बताया कि महिला यात्री वैष्णवी बाथरे पिता गणेश राम बाथरे उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 9 डोंगरा कालोनी बनखेड़ी थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम का ट्रेन 12061 डाउन जनशताब्दी एक्सप्रेस के कोच नंबर ष्ठ/5 की बर्थ नंबर 29 में यात्रा के दौरान एक लैपटॉप वाला बैग जिसमें एक लैपटॉप कीमती 50000 रुपए का छूट गया था,जिसकी सूचना प्राप्त होने पर जीआरपी थाना गाडरवारा द्वारा प्रार्थियां के बैग की तलाश ट्रेन में की गई,तथा बैग की तलाश कर प्रार्थिया को बैग मिलने की सूचना दी गई,जो प्रार्थिया अपने परिजनों के साथ थाना उपस्थित आई,जिसे लैपटॉप सहित बैग कीमती 50000 रुपए का सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जीआरपी गाडरवारा पी. के.श्रीवास्तव, स उ नि एल.पी. झारिया,आर. पी. झारिया,आर. भागचंद ,आर. विमलेश ठाकुर,महिला आर. ज्योति उइके की अहम भूमिका रही।



अमरकंटक एक्सप्रेस का मामला , रेलवे के दावे हुए फेल

## ट्रेन में दुर्गंध: यात्रियों ने नाक में रुमाल लगाकर किया सफर

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए तो अनेक दावे किए जाते हैं किंतु रेलवे के है सही दावे अमरकंटक एक्सप्रेस में सवार यात्रियों ने उस समय उजागर कर दिए जब कोच में उठ रही दुर्गंध के कारण गंतव्य की यात्रा करने वाले परेशान यात्रियों ने अपनी नाक में रुमाल रखकर बड़ी परेशानी भरी यात्रा करने को मजबूर हो गए मामला है भोपाल से चलकर दुर्ग जाने वाली गाड़ी संख्या 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस की यात्रियों के अनुसार इस ट्रेन में साफ-सफाई का दावा करने वाला रेलवे झूठा साबित हो रहा है।



### यात्रियों की शिकायत के बाद इटारसी में डाली गई फिनाईल

भोपाल से चलकर इटारसी जबलपुर के रास्ते दुर्ग जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस में गंदगी और कचरे के बीच बैठकर सफर करना यात्रियों की मजबूरी बन गई अंततः परेशान यात्रियों द्वारा इस मामले की शिकायत किए जाने के बाद उक्त गाड़ी जब इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंची तो किसी कर्मी द्वारा फाइनल का छिड़काव टॉयलेट एवं कोच में किया गया तब कहीं जाकर यात्रियों को कुछ राहत मिली उल्लेखनीय है कि रेलवे में स्वच्छता को लेकर समय-समय पर ब?ा अभियान चलाया जाता है किंतु यह अभियान चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत को चरितार्थ करता है ट्रेनों के हर कोच में सफाई हर तरफ स्वच्छ भारत अभियान की बात की जा रही है परंतु यदि इस ट्रेन की गंदगी एवं दुर्गंध से रेलवे के साफ सफाई अभियान पर प्रश्न खड़े होना लाजमी है रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमरकंटक एक्सप्रेस के कोचों के अंदर बहुत अधिक गंदगी रही इसके साथ शौचालय के क्या हाल रहे होंगे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है।

### भोपाल में नहीं हुई वाशिंग

इस ट्रेन में जिस तरह से गंदगी रही इसका एक कारण गाड़ी भोपाल में वॉशिंग नहीं हुई जानकारी के अनुसार अमरकंटक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 9 घंटे लेट भोपाल पहुंची थी जिसके कारण गाड़ी की साफ सफाई नहीं की गई और उसको 1 घंटे के बाद दुर्गा के लिए रवाना किया गया रेलवे की इस लापरवाही का खामियांजा यात्रियों को भुगतना पड़ा।

### पोल खोलती है तस्वीर

अमरकंटक एक्सप्रेस में सवार यात्रियों को जब बदवू के कारण बेचैनी होने लगी तो उन्होंने अपनी नाक पर रूमाल रखकर यह परेशानी भारी यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा शौचालय का इतना बुरा हाल था कि अंदर जाना भी मुश्किल हो गया।

## स्टेशन से जीआरपी ने शराब तस्कर को दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा पदस्थ राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ शराब की तस्करी में लोगों को चिन्हित करते हुये। उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।आदेश के परिपालन में उप पुलिस अधीक्षक लोकेश मार्को के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशि धुर्वे के द्वारा टीम गठित कर आरोपी के कब्जे से 54 लीटर देशी मदिरा के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया हैं। थाना प्रभारी जी.आर.पी. को रात्रि में विश्वसनीय मुखविर से सूचना प्राप्त हुई सूचना पर टीम गठित कर प्लेटफार्म न. 1 के कटनी छोर रेलवे स्टेशन जबलपुर में चैकिंग की गयी जो मुखबिर के बताये अनुसार हुलिया के एक व्यक्ति के पास दो थैला रखे दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा थैलो को चैक किया गया जिसमें एक थैले में 300 बाटल देशी मदिरा मसाला अवैध रूप मदिरा रखे मिला मंदिरा के संबंध में पूछताछ की गयी जो किसी प्रकार का दस्तावेज न होना पाया गया तथा आरोपी गनेश अग्रवाल उर्फ गन्नू पिता छैकौडी लाल उम्र 58 साल निवासी गुरन्दी राकेश बर्तन वाले के सामने थाना बेलबाग जिला जबलपुर जो आरोपी धारा 34 (2) आब एक्ट का पाये जाने पर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गयी । तस्कर को पकड़ने में उ.नि.डी.एल. उईके, प्र. आर. हर्षस्वरूप शर्मा, प्र. आर गणेश तिवारी प्र.आर. विनोद तिवारी आरशान्तम् गर्ग की सराहनी भूमिका रही जिन्हें पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा नगद पुरस्कार देन की घोषणा की गयी है।

































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )